6/5/23 पत्रावली पेश। वकील प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली मे अप्रार्थी सं. 01 व 02 से जवाब प्राप्त मिले शा. फा. किया गया।

वकील प्रार्थी ने निवेदन किया की प्रार्थी की खातेदारी हक की कृषि भूमि खसरा सं. 475 ग्राम धामसरा मे है व उक्त कृषि भूमि मे से अप्रार्थी सं. 01 के अधिकारी / ठेकेदार द्वारा उसकी भूमि पर अतिक्रमण कर कांटे की बाड़ को 20 फीट भीतर खिसका दी है व डामर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जो विधि विरुद्ध है अतः अप्रार्थी सं. 1 को पाबंद किया जावे की मूल वाद के फैसले तक खसरा सं. 475 मे स्वयं व अपने नुमाईन्दो द्वारा अतिक्रमण न किया जावे व न ही रोड़ निर्माण का कार्य किया जावे।

वकील प्रार्थी की उपरोक्त बहस सुनी अप्रार्थी सं. 1 व 2 के जवाब का अवलोकन किया गया जिससे यह स्पष्ट है कि प्रार्थी की खातेदारी हक के खसरा सं. 475 ग्राम धामसरा मे मौके पर काफी पुराना रास्ता बना हुआ है परन्तु वह रास्ता राजस्व रेकार्ड मे दर्ज नही है।

सहायक कलेक्टर ... (जिला-सिरोही)
Signature Not Verified
Digitally signed by Gov... Bhichder
Date: 2023.06.12 17:2...
Reason: SelfAttested

अप्रार्थी सं. 01 ने अपने जवाब मे यह कहा गया है कि प्रार्थी की भूमि पर कोई अतिक्रमण नही किया जा रहा है परन्तु मौके पर मौजूद डामर सड़क का कोई चौड़ाईकरण नही किया जा रहा है सिर्फ मौजूद सड़क का नवीनीकरण ही किया जा रहा है।

वकील प्रार्थीया की बहस व अप्रार्थीगण के जवाब से यह स्पष्ट है कि खसरा नं. 475 ग्राम थामसरा प्रार्थीया की खातेदारी हक की कृषि भूमि है जिसमे राजस्व रिकार्ड मे रास्ता दर्ज नही है परन्तु मौके पर पुराना रास्ता दर्ज है जिसका नवीनीकरण किया जा रहा है।

अतः आदेशित किया जाता है कि अप्रार्थी सं. 2 प्रार्थीया की खातेदारी हक की कृषि भूमि खसरा नं. 475 ग्राम थामसरा मे मौजूद डामर सड़क से बाहर कोई नवीनीकरण कार्य न करे व न ही प्रार्थी की बाड़ को नष्ट या अव्यवस्थित करे व मौके पर कोई फेरबदल न करे क्योंकि प्रार्थी के पक्ष मे प्रथम दृष्टया मामला बनता है व अगर अप्रार्थी ने अन्यथा सड़क निर्माण किया तो

Signature Not Verified
Digitally signed by Govind Bhichher
Date: 2023.06.12 17:20:20
Reason: SelfAttested

न्यायालय सहायक कलेक्टर आबूरोड (जिला-सिरोही)

प्रार्थिया को Irreparable loss होगा व Balance of convinience भी प्रार्थिया के पक्ष में है क्योंकि उपरोक्त रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं है।

पत्रावली फैसल शुमार हो मूल पत्रावली के साथ संलग्न हो।

(न्यायालय सहायक कलेक्टर आबूरोड (सिरोही))

6/4/23
सहायक कलेक्टर
आबूरोड (सिरोही)

Signature Not Verified

Digitally signed by Govind Singh Bhichher
Date: 2023.06.12 17:20:20 IST
Reason: SelfAttested